तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री से.
न्यूनतम 17.6 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

12 जग्गी सिटी सेंटर के मामले में बिजली विभाग की .



12 आर्य समाज प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग ...



खबर संक्षेप

जंगल से तीन खैर के पेड़ काटे, चार पर केस

यमुनानगर। गांव देवधर के जंगल से खैर के तीन पेड़ चोरी से काटने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। वन दरोगा विकास नेहरा की शिकायत पर प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की। वन दरोगा के अनुसार, 14 अक्टूबर को सूचना मिलने पर टीम ने जंगल में जांच की तो तीन पेड़ कटे मिले। इनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है। मामले में शाहिद, रवि कुमार, मयूर और जुल्फान उर्फ मीठा को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

घर से 10 तोले सोना व 30 तोले चांदी के आभूषण चोरी

यमुनानगर। गांव कलावड में चोरों ने घर में घुसकर करीब 12.50 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर 10 तोले सोने और 30 तोले चांदी के आभूषण ले गए। करण सिंह ने छप्पर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि छह अक्टूबर की रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह सो गए थे। सुबह उठने पर घर का सामान बिखरा मिला और अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था। जांच करने पर आभूषण गायब मिले। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पानीपतः खुले नाले में गिरा बच्चा

पानीपत। पानीपत नगर निगम के वार्ड तीन में देवी मंदिर के पास एक बार फिर से खुले नाले में एक बच्चा गिर गया, वहीं, राहगिरों ने बच्चे को तत्काल नाले से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। यह हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसकी वीडियो अब वायरल हो रही है।

वाहन स्टैंड ठेकेदार पर एक लाख का जुर्माना

पानीपत। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हरियाणा राज्य परिवहन पानीपत के महाप्रबंधक द्वारा बस स्टैंड परिसर स्थित साइकिल/वाहन स्टैंड ठेकेदार पर मनमाने रेट वसूलने और ओवरचार्जिंग करने के गंभीर मामले में एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है और ठेका रद्द करने व धरोहर राशि जब्त करने का नोटिस दिया गया है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सचिव प्रमोद कुमार एवं जिला सचिव सीए जगदीश धमीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार राजबीर सिंह द्वारा यात्रियों से निर्धारित दरों का उल्लंघन कर मनमाना किराया वसूला जा रहा था।

कब्जा दिलाने पहुंची पुलिस टीम को धमकाया

पानीपत। पानीपत की रामनगर कॉलोनी में बैंक को मकान का कब्जा दिलाने पहुंची प्रशासनिक टीम और पुलिस कर्मचारियों को धमकाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम को बगैर कार्रवाई के बैरंग लौटना पड़ा। इसका आरोप मकान मालिक प्रदीप सिंह पर लगा है। वहीं, ड्यूटी मजिस्ट्रेट रहे तहसीलदार मनोज कुमार की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने आरोपी मकान मालिक प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

कुविः मई-जून परीक्षाओं के फॉर्म भरने शुरू

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने मई-जून 2027 में होने वाली यूजी/पीजी वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्राइवेट एवं दूरस्थ विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म भरने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया 15 अक्टूबर 2026 से शुरू हो गई है। विद्यार्थी आईयूएमएस पोर्टल के माध्यम से 15 जनवरी 2027 तक सामान्य शुल्क के साथ फॉर्म जमा कर सकेंगे।

बुजुर्ग की पेंशन छीनने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने गांव में घुमाए

वारदात में इस्तेमाल गाड़ी, नकदी और पेंशन कॉपी बरामद

- डाकघर से पेंशन निकलवा कर लौट रही महिला से छीनी थी नकदी, ग्रामीणों ने मौके पर पकड़े थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

गांव बिहटा में 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला से पेंशन के 3,200 रुपये और डाकघर की पेंशन कॉपी छीनने के मामले में साहा पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चारों आरोपियों को गाड़ी में गांव तक लेकर पहुंची। इसके बाद उन्हें गांव में पैदल घुमाया गया। इस दौरान कुछ आरोपी लंगड़ाते हुए और चेहरे छिपाते नजर आए, जबकि एक आरोपी हाथ जोड़कर रोता दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई नकदी, पेंशन कॉपी और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी बरामद की है। चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को वह अपनी 82 वर्षीय मां गद्दी देवी के साथ डाकघर में पेंशन निकलवाने गया था। उसकी मां को आंखों से ठीक से दिखाई नहीं देता। डाकघर से 3,200 रुपये निकलवाने के बाद दोनों घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ युवकों ने उसकी मां के हाथ से नकदी और पेंशन कॉपी छीन ली और फरार हो गए। बाद में ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ लिया। शिकायत के आधार पर साहा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित उर्फ लड्डू, रजत उर्फ काका, राहुल और विशाल उर्फ चीपा के रूप में हुई है। चारों बिहटा गांव के निवासी हैं। मामले की जांच एएसआई रोहित कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी, 3,200 रुपये और पेंशन कॉपी बरामद कर ली है।



अंबाला। पकड़े गए आरोपियों को गांव में घुमाती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

पुलिस जब चारों आरोपियों को गांव लेकर पहुंची तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। वीडियो में कुछ आरोपी लंगड़ाते हुए और चेहरे छिपाते नजर आए, जबकि एक आरोपी हाथ जोड़कर रोता दिखाई दिया। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में नशे के कारण युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि दूसरे युवाओं को भी सबक मिले। बुजुर्ग महिला ने भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नशे के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

साहा थाना पुलिस के अनुसार, एक अन्य मामले में करीब 900 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की गई थी। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी बाकी है।



धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नग्गल पुलिस ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को काबू किया। जांच अधिकारी सोनू कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता सतपाल सिंह ने 14 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 26 सितंबर 2026 को आरोपी गुरप्रीत, निशान, विजय तथा अन्य ने उसके पुत्र को लाठी, डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने गुरप्रीत सिंह उर्फ सेबी, निशान सिंह उर्फ नानू, विजय कुमार को काबू किया है।

कुवि के प्रो. जितेंद्र भारद्वाज विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल

जैव चिकित्सा अनुसंधान एवं विष विज्ञान के क्षेत्र में वैश्विक रैंक 587 हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग के प्रोफेसर जितेंद्र कुमार भारद्वाज का नाम स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर से संबद्ध वर्ष 2026 की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। जैव चिकित्सा अनुसंधान एवं विष विज्ञान के क्षेत्र में उनकी इस उपलब्धि से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गौरवान्वित है। प्रो. भारद्वाज ने जैव चिकित्सा एवं विष विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में वैश्विक रैंक 587 प्राप्त की है। यह उपलब्धि उनके शोध कार्यों, वैज्ञानिक योगदान और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके शोध की पहचान को दशार्ती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. जितेंद्र कुमार भारद्वाज को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त ऐसी पहचान विश्वविद्यालय की शोध उत्कृष्टता को सुदृढ़ करती है। उन्होंने प्रो. भारद्वाज के शोध के प्रति समर्पण और वैज्ञानिक योगदान की सराहना की। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने भी उन्हें बधाई दी। अनुसंधान एवं विकास के अधिष्ठाता तथा प्राणी शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेंद्र शर्मा ने प्रो. भारद्वाज को बधाई देते हुए उनके निरंतर शोध प्रयासों की सराहना की। वैज्ञानिक अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए नवीन विचारों, सुदृढ़ वैज्ञानिक पद्धतियों और गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशनों का विशेष महत्त्व है। प्रो. भारद्वाज की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शोध समुदाय के लिए प्रेरणादायक है तथा युवा वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।



स्टैनफोर्ड विवि और एल्सेवियर की 2026 की सूची में मिली जगह

सड़क हादसों में दो लोगों की जान गई

यमुनानगर। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगाधरी की गंगानगर कॉलोनी निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके 50 वर्षीय पिता लाल बहादुर 13 अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे साइकिल पर काम से घर लौट रहे थे। समता योग आश्रम के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, लक्ष्मी गार्डन आईटीआई निवासी त्रिलोचन सिंह ने बताया कि उसका 45 वर्षीय भाई धर्मेंद्र सिंह 13 अक्टूबर को बाइक पर जा रहा था। जठलाना के पास तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

कहासुनी के बाद युवकों ने की मारपीट युवक घायल

यमुनानगर। जगाधरी की अर्जुन नगर कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते आधा दर्जन युवकों ने विशाल उर्फ कालू के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद करते हुए तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। विशाल ने हुड्डा सेक्टर-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसका प्रवीण उर्फ मॉडल के साथ झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश में 13 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे प्रवीण ने गौतम उर्फ बोतल, सोनू और तीन अन्य युवकों के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया और मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

राजकीय कन्या स्कूल की कक्षा में निकला छह फीट लंबा कोबरा



कुरुक्षेत्र। प्रतापगढ़ स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की एक कक्षा में करीब छह फीट लंबा कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सुबह जब शिक्षकों ने कक्षा के कमरे का ताला खोला तो अंदर सांप देखकर वे घबरा गए। इसकी सूचना मिलने पर स्नेकमैन गुलशन मौके पर पहुंचे और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। सांप पकड़े जाने के बाद शिक्षकों और छात्राओं ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, सुबह स्कूल में कक्षाओं का संचालन शुरू होने से पहले शिक्षकों ने एक कमरे का ताला खोला। इसी दौरान उनकी नजर कमरे में मौजूद कोबरा पर पड़ी। सांप को देखकर शिक्षक भयभीत हो गए। स्कूल परिसर में कोबरा निकलने की सूचना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद स्नेकमैन गुलशन को मौके पर बुलाया गया। स्नेकमैन गुलशन ने सावधानीपूर्वक कोबरा को पकड़ने का प्रयास शुरू किया। करीब आधे घंटे तक चली मशक्कत के बाद उन्होंने सांप को काबू कर लिया। कोबरा के सुरक्षित रेस्क्यू के बाद स्कूल स्टाफ और छात्राओं ने राहत महसूस की। स्नेकमैन गुलशन के अनुसार, रेस्क्यू किए गए कोबरा को आबादी से दूर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। घटना के बाद स्कूल में मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

- स्नेकमैन गुलशन ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित रेस्क्यू किया

दो हत्याकांडों में मुख्य आरोपी काबू पांच अन्य मामलों का भी खुलासा



करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल के मार्गदर्शन में सीआईए-2 की टीम ने हत्या के दो अलग-अलग मामलों में मुख्य आरोपियों गौरव उर्फ गोरु और अंकुश सैनी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी एक ही गिरोह से जुड़े हैं और लूटपाट के इरादे से दो युवकों की हत्या की गई थी। 11 अक्टूबर को बड़ौता क्षेत्र में बिर्चपुर निवासी विनोद कुमार का शव मिला था। उसके शरीर पर चाकू से वार के निशान थे। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने लूट के इरादे से विनोद की हत्या कर नकदी और मोबाइल फोन छीन लिया था। सीआईए-2 प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार की टीम ने गौरव उर्फ गोरु को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर तीन नाबालिग साथियों को भी काबू किया गया। वारदात में प्रयुक्त बाइक, मृतक की चप्पल, 4,800 रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है। गौरव को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। दूसरे मामले में 4 अक्टूबर को हकीकत नगर में कल्पना चावला द्वार के पास मंगलू का शव मिला था। पुलिस ने महाबीर कॉलोनी निवासी अंकुश सैनी को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के मुताबिक, विनोद हत्याकांड के आरोपियों ने थाना सदर, मधुबन और रामनगर क्षेत्रों में रात के समय चाकू मारने का भय दिखाकर लूटपाट की करीब पांच अन्य वारदातों में भी संलिप्तता कबूली है।

पूंडरी रूट के टाइम टेबल पर रोडवेज और निजी बस संचालकों में विवाद



हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के नए बस अड्डे पर गुरुवार शाम पूंडरी रूट के टाइम टेबल को लेकर रोडवेज कर्मचारियों और निजी बस संचालकों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद धक्का-मुक्की की स्थिति बनी और धरना-प्रदर्शन शुरू हो गया। बस अड्डे के प्रवेश द्वार पर बसें खड़ी होने से आवागमन बाधित हुआ। रोडवेज की बसें बाहर नहीं निकल सकीं और बाहर से आने वाली बसें भी अंदर नहीं आ पाईं। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर रोडवेज अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचे। रोडवेज कर्मचारी रणजीत करोड़ा ने कहा कि तीन दिन पहले कैथल आरटीओ की बैठक में आपसी सहमति से प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन जारी टाइम टेबल उसके अनुसार नहीं था। वहीं, निजी बस संचालक शमशेर सिंह नंबरदार ने बताया कि पांच अक्टूबर को नया टाइम टेबल जारी हुआ था, जिस पर नौ अक्टूबर को आपत्ति दी गई थी। नए टाइम टेबल के अनुसार निजी बसें चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आरटीओ टाइम टेबल वापस लेता है तो वे पुराने समय के अनुसार बसें चलाने को तैयार हैं। इससे पहले मंगलवार को भी इस मुद्दे पर विवाद हुआ था, लेकिन सहमति नहीं बन पाई।

अंबाला: एसएचओ पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार



अंबाला। नग्गल थाना प्रभारी सुरेश कुमार पर हमला करने के मामले में सीआईए-1 ने दो आरोपियों निखिल और लक्की पंडित को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों को निशानदेही के लिए वारदात स्थल पर लेकर पहुंची। इस दौरान दोनों आरोपी घायल नजर आए। एक आरोपी के पैर पर ऊपर तक प्लास्टर बंधा था और वह पुलिसकर्मियों के कंधों के सहारे चलता दिखाई दिया। पूछताछ के बाद पुलिस दोनों को वापस थाने ले गई। घटना 2 अक्टूबर की रात अंबाला-हिसार रोड स्थित मिस्टर सिंह हवेली के पास हुई थी। एसएचओ सुरेश कुमार अपनी कार से गुजर रहे थे। वहां कुछ युवक कपिल के साथ मारपीट कर रहे थे। आरोप है कि युवकों ने कपिल पर ईंटों से हमला किया, जिससे उसका बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया। उसे बचाने पहुंचे एसएचओ पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। उनकी गर्दन पर चाकू से वार किया गया, जिसके बाद उपचार के लिए उन्हें चंडीगढ़ रेफर किया गया था। घटना का पांच मिनट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, जिसमें युवक मारपीट करते और एसएचओ पर हमला करते दिखाई दिए थे।

डेविड व मारिया ने मंडी, धान की कटाई, आवक व गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को समझा

कम कीटनाशक वाली खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना

इंग्लैंड के लोग चखेंगे रादौर की तुड़ल धान के चावल का स्वाद

किसानों को मिलता है 100 रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

इंग्लैंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने डैविड व मारिया के नेतृत्व में रादौर की अनाज मंडी में पहुंचकर तुड़ल धान की खरीद करने के लिए उसकी गुणवत्ता की जांच की। मौके पर अनाज मंडी के आढ़तियों ने डैविड व मारिया समेत प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के साथ सोनीपत स्थित चावल निर्यातक कंपनी वीटी फाइन फुडस प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने भी मंडी में तुडल धान की खरीद में अपना योगदान दिया।

इंग्लैंड से आए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे डैविड व मारिया ने अनाज मंडी में धान की आवक, बैगिंग, गुणवत्ता निरीक्षण व मिल तक पहुंचने की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों द्वारा अपनाई जा रही कम कीटनाशक एवं उर्वरक वाली खेती की प्रक्रियाओं को समझा और सुरक्षित खाद्यान्न उत्पादन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान चावल निर्यातक कंपनी वीटी फाइन फुडस प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर मैनेजर अनिल छिकारा ने बताया कि उनकी कंपनी पिछले लगभग 25-26 वर्षों से चावल के कारोबार और निर्यात के क्षेत्र में सक्रिय है। कंपनी का उद्देश्य किसानों को कम कीटनाशक उपयोग वाली, निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप खेती के लिए प्रोत्साहित करना और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों तक बेहतर गुणवत्ता वाला चावल पहुंचाना है।



यमुनानगर। रादौर अनाज मंडी में इंग्लैंड के मेहमानों का स्वागत करते मंडी के प्रधान सुभाष कांबोज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

निर्यात योग्य चावल के लिए कीटनाशक अवशेषों की जांच जरूरी

कंपनी किसानों से धान की खरीद में बेहतर मूल्य देने के साथ साथ निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत सौ रुपये प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस भी प्रदान करती है। ताकि किसान सुरक्षित एवं जिम्मेदार कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित हों। इस पहल का उद्देश्य किसानों की आय को बेहतर बनाने के साथ साथ खाद्यान्न की गुणवत्ता और निर्यात मानकों को बनाए रखना है। आज के समय में खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण विषय बन चुके हैं। कृषि में कीटनाशकों का अनुचित या निर्धारित सीमा से अधिक इस्तेमाल खाद्य पदार्थों में अवशेष छोड़ सकता है। जो स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। इसलिए कीटनाशकों का उचित उपयोग, निर्धारित प्रतीक्षा अवधि का पालन और खाद्यान्न में अवशेषों की जांच अत्यंत आवश्यक है। यूके, यूरोप और अमेरिका जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में आयात किए जाने वाले खाद्य पदार्थों के लिए कीटनाशक अवशेषों की निर्धारित अधिकतम सीमाएं लागू हैं।

डॉक्टर के घर नौकरानी आने के एक घंटे बाद गहने गायब

- चार चेन, पांच जोड़ी बालियां 22 टोकन और पांच अंगूठियां गायब, महिला पर चोरी का शक
- सेक्टर-13 में सामने आया मामला, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर संदिग्ध महिला की पहचान में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के सेक्टर-13 में एक डॉक्टर के घर नई नौकरानी रखने के करीब एक घंटे बाद ही सोने के गहने गायब होने का मामला सामने आया है। घर से चार सोने की चेन, पांच जोड़ी बालियां, 22 टोकन और पांच अंगूठियां गायब मिलीं। डॉक्टर ने घर में काम करने आई महिला पर संदेह जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-13 निवासी डॉ. कमल किशोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही अपने घर पर नई महिला को काम पर रखा था। महिला घर आई और करीब एक घंटे बाद वहां से चली गई। इसके बाद घर में रखे सोने के गहने गायब मिले। गहनों की जांच करने पर पता चला कि चार सोने की चेन, पांच जोड़ी बालियां, 22 टोकन और पांच अंगूठियां नहीं हैं। डॉक्टर ने गहनों की सूची पुलिस को सौंपते हुए महिला पर चोरी का शक जताया।

सीसीटीवी फुटेज से महिला की पहचान का प्रयास

डॉ. कमल किशोर की शिकायत पर सेक्टर-13 पुलिस चौकी में मामला दर्ज किया गया है। जांच एएसआई बलजीत को सौंपी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध महिला की पहचान की जा सके। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

खबर संक्षेप

पशुपालन से गरीब परिवारों की आय बढ़ाने पर जोर

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार गरीब, जरूरतमंद और वंचित परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले पात्र परिवारों को भैंस खरीदने के लिए पशुपालन विभाग की ओर से 80 हजार रुपये तक की सब्सिडी और वीटा की ओर से 50 हजार रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता देने की व्यवस्था की गई है। चालू वर्ष में कम से कम 15 हजार भैंसों की खरीद के लिए सुलभ ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

करनाल में कृषि नवाचारों का प्रदर्शन

करनाल। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने करनाल स्थित केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान में उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2026 के पर्दा उठाने वाले कार्यक्रम में टिकाऊ कृषि, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी नवाचारों में अपने योगदान की जानकारी दी।
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन 27 से 29 अक्तूबर तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। उन्होंने जीनोम संपादन, जलवायु अनुकूल खेती, जैव-संवर्धित फसलों, एकीकृत कीट प्रबंधन, पशुधन स्वास्थ्य, मृदा प्रबंधन और कृषि मशीनीकरण को प्रमुख शोध क्षेत्र बताया।

गुरुवार को हुई सुबह तेज बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, धान की फसल को नुकसान से किसान चिंतित

घरौंडा मंडी में बारिश से भीगी धान जलभराव ने खोली दावों की पोल

निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से करीब दो घंटे तक मंडी में खड़ा रहा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा/करनाल

वीरवार सुबह अचानक हुई तेज बारिश ने घरौंडा अनाज मंडी में किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं। पूरी मंडी में जलभराव होने से खुले में पड़ी धान भीग गई और कट्टे पानी में डूबते नजर आए। पानी की निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से करीब दो घंटे तक मंडी में पानी खड़ा रहा। हैरानी की बात यह रही कि बारिश रुकने के करीब दो घंटे बाद मंडी प्रशासन ने मोटर के माध्यम से पानी निकालने के प्रयास शुरू किए। वहीं, धान की लिफ्टिंग धीमी होने से मंडी पहले ही फसल से भरी हुई है। बारिश शुरू होते ही आढ़तियों ने आनन-फानन में खुले में पड़ी धान को तिरपाल से ढकना शुरू किया, लेकिन पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण फसल को भीगने से नहीं बचाया जा सका। मंडी में धान के चट्टों के आसपास पानी भर गया और कई कट्टे पानी में भीगते नजर आए। कुछ आढ़तियों ने कट्टों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बारिश के कारण चारों तरफ पानी भर गया। उन्होंने कहा कि बारिश रुकने के करीब दो घंटे बाद मंडी प्रशासन ने मोटर चलाकर पानी निकालने के प्रयास किए। यदि पानी की निकासी के पर्याप्त इंतजाम पहले से होते तो मंडी में इस तरह जलभराव की स्थिति पैदा नहीं होती। किसानों की फसल भीगने से बचाने के लिए समय रहते उचित प्रबंध किए जाने चाहिए थे। महेंद्र पसरीचा ने बताया कि मंडी में राइस मिलों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने और लिफ्टिंग धीमी गति से होने के कारण धान का उठान नहीं हो पा रहा है। इससे मंडी में फसल का दबाव लगातार बढ़ रहा है और खुले में रखी धान को बारिश से बचाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में मौसम में बदलाव किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। महेंद्र पसरीचा ने बताया कि करीब छह माह पहले मंडी की सड़कों का पुनर्निर्माण करवाया गया था, लेकिन इसके बावजूद पानी की निकासी की समस्या दूर नहीं हुई।


घरौंडा: बारिश में भीगा धान

जल निकासी की व्यवस्था पर उठे सवाल

मंडी के पूर्व प्रधान महेंद्र पसरीचा ने कहा कि मंडी में पानी की निकासी का कोई ठोस समाधान नहीं है। किसान अपनी छह माह की मेहनत से तैयार सूखी धान लेकर मंडी पहुंचा था और उसे उम्मीद थी कि उसकी फसल की खरीद होने से उसे उचित कीमत मिलेगी। लेकिन अचानक हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। मंडी में बड़ी संख्या में धान के कट्टे खुले में पड़े हैं, जो बारिश के पानी में भीगते रहे।



तरावड़ी मंडी में जलभराव धान की फसल पर संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गुरुवार को सुबह बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। शहर की सडक़ों पर जगह-जगह बरसाती पानी भर गया, वहीं नालियां जाम होने के कारण पानी की निकासी प्रभावित हुई। बारिश का सबसे अधिक असर तरावड़ी अनाज मंडी में देखने को मिला, जहां खुले में पड़ी धान की फसल पानी में डूबती और तैरती नजर आई। अपनी मेहनत से तैयार की गई फसल को पानी में डूबता देखकर किसान बेबस दिखाई दिए। मंडी में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मंडी में बिक्री के लिए लाई गई धान की फसल को बचाने के लिए आढती व किसान तिरपाल डालते नजर आए, लेकिन तेज बारिश और जमा पानी के चलते उनके प्रयास नाकाफी दिखाई दिए।

आंबेडकर चौक पर बैंक के बाहर खड़ी कारों पर गिरा भारी पेड़

- तेज बारिश के बीच हुआ हादसा, चार से पांच गाड़ियां क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के अंबेडकर चौक पर बुधवार को तेज बारिश के दौरान बैंक के बाहर खड़ा भारी पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से बैंक कर्मचारियों की चार से पांच कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। एक कार को काफी नुकसान पहुंचा, जबकि अन्य वाहनों को मामूली क्षति हुई। गनीमत रही कि हादसे के समय कारों के अंदर या आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद पेड़ के नीचे फंसी गाड़ियों को निकालने का काम शुरू किया गया। बुधवार सुबह से ही करनाल में तेज बारिश हो रही थी। इसके कारण आसपास के इलाकों में पानी भर गया था। इसी दौरान अंबेडकर चौक पर बैंक के बाहर खड़ा पेड़ अचानक गिर पड़ा। बैंक कर्मचारियों ने अपनी कारें पेड़ के पास खड़ी की हुई थीं। पेड़ गिरते ही वाहन उसकी चपेट में आ गए। बैंक कर्मचारियों के अनुसार, पेड़ ऊपर से सूखा हुआ था, जबकि नीचे का हिस्सा हरा-भरा दिखाई देता था। उन्हें अंदाजा नहीं था कि पेड़ अचानक गिर सकता है। आशंका जताई गई कि पेड़ की जड़ें कमजोर हो चुकी थीं, जिसके कारण वह जमीन पर गिर गया। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कारों को बाहर निकालने के लिए पेड़ की टहनियां काटी गईं। शहर के पेड़ों की जांच कराने की मांग राहगीर रमेश, पवन, विकास व अन्य लोगों ने वन विभाग से शहर में पुराने और बड़े पेड़ों की समय-समय पर जांच कराने की मांग की।





नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं को जाना

करनाल। नगर निगम करनाल के मनोनीत पार्षद उत्सव प्रोचा ने कर्ण ताल पार्क में वार्डवासियों के बीच पहुंचकर चाय पर चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान वार्ड में चल रहे विकास कार्यों के साथ प्रस्तावित योजनाओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर क्षेत्र की आवश्यकताओं और समस्याओं को जाना। उत्सव प्रोचा ने कहा कि वार्ड का प्रत्येक नागरिक उनके परिवार का हिस्सा है। नागरिकों की समस्याओं को सुनना, उनके समाधान के लिए प्रयास करना और वार्ड का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और नागरिकों के बीच निरंतर संवाद से क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर ढंग से समझने और विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलती है। उन्होंने वार्डवासियों के साथ मिलकर क्षेत्र को बेहतर बनाने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई।



बुद्धा कॉलेज में मनाया विश्व विद्यार्थी दिवस

करनाल। बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में वीरवार को विश्व विद्यार्थी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, नवाचार और सफलता के लिए प्रेरित करना रहा। कॉलेज के निदेशक नितेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान ने शिक्षा को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने का संदेश दिया।

विधायक कबीरपंथी को दिया विजयदशमी का निमंत्रण

तरावड़ी। तरावड़ी शहर की गोगामाड़ी के पास रानी तालाब पर विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। शहर की गुगा माड़ी के पास स्थित रानी तालाब पर आगामी 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष दशहरा उत्सव को भव्य रूप देने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मेले का मुख्य आकर्षण 65 फुट ऊंचा रावण का पुतला होगा, जबकि कुंभकर्ण और मेघनाद के 50-50 फुट ऊंचे पुतलों का भी दहन किया जाएगा। दशहरा उत्सव के निमंत्रण को लेकर श्रीराम मेला समिति के चेयरमैन रवि कबीरपंथी और अध्यक्ष मोनू जैन, सलाहकार सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने नीलोखेड़ी हलके के विधायक भगवानदास कबीरपंथी से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। समिति की ओर से विधायक को दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

भरत मिलाप के मंचन ने किया भाव-विभोर

घरौंडा। श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के षष्ठम दिवस पर भरत मिलाप के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्रीराम और उनके अनुज भरत के बीच प्रेम, त्याग, समर्पण और भाईचारे की भावना को दर्शाया गया। मंचन के माध्यम से कलाकारों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों और भाइयों के बीच अटूट प्रेम का संदेश दिया।



श्रीराम लीला का मंचन अध्यात्मिक मूल्यों की प्रतीक

तरावड़ी। श्रीराम लीला के मंचन के दौरान महामण्डलेश्वर गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने उद्बोधन में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम लीला का मंचन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म, त्याग, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और माता-पिता के प्रति सम्मान की शिक्षा देता है। गीता ज्ञान संस्थानम में गीतामनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में आयोजित 3 दिवसिय श्रीराम लीला के भव्य आयोजन पर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने जीवन में अनेक कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ा। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर विशेषकर श्रीराम लीला के समन्वयक वेद टण्डन जी,धर्मवीर मिर्जापुर,भाजपा नेता शिव नाथ कपूर,पवन गुंबर,सुरेश कुमार, राजेंद्र चौपड़ा, एडवोकेट नवीन कपूर आदि रहे।

धान खरीद की अड़चन होंगी दूर, बड़ी मात्रा में खरीद करेंगे मिलर्स

- घरौंडा मंडी पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, किसानों को दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों, आढ़तियों और मार्केट कमेटी के अधिकारियों से बातचीत की तथा धान की ढेरियों पर नमी की जांच की।

इस दौरान उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा और एसडीएम अनुभव मेहता भी मौजूद रहे। कल्याण ने कहा कि आज से बड़ी संख्या में राइस मिलर्स धान खरीद प्रक्रिया में शामिल होंगे। सरकार ने 80 प्रतिशत कस्टम मिल्ड राइस की डिलीवरी कर चुके मिलर्स को मंडियों में धान खरीदने की अनुमति देने का फैसला लिया है। इससे खरीद प्रक्रिया में तेजी आएगी और किसानों को राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि पिछले दिनों मिलर्स की कम भागीदारी के कारण धान खरीद में कुछ देरी हुई थी। सरकार किसानों के हितों को लेकर गंभीर है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों के साथ-साथ आढ़तियों और मिलर्स को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी ईमानदारी और गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी पूरी व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान में बारिश की संभावना को देखते हुए उन्होंने किसानों से अपील की कि वे परेशान न हों, प्रशासन उनके साथ है। उन्होंने किसानों से धान सुखाकर मंडियों में लाने को कहा, ताकि निर्धारित सीमा से अधिक नमी के कारण खरीद में बाधा न आए। पोर्टल संबंधी समस्याओं पर उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर तुरंत समाधान किया जाएगा।


घरौंडा। मंडी में धान खरीद व्यवस्था का जायजा लेते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।

बाथरूम जाने के बहाने बैरक से निकला बंदी सो रहे कैदी के सिर पर ताले से किए कई वार

- करनाल जेल में राजदीप गंभीर रूप से घायल, जेल प्रशासन की शिकायत पर रामनगर थाना पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला जेल में बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। यहां एक हवालाती बंदी ने बैरक में सो रहे दूसरे बंदी के सिर पर ताले से हमला कर दिया। हमले में राजदीप पुत्र हरिकेश, निवासी गांव जाजनपुर, थाना ढांड, जिला कैथल के सिर पर गंभीर चोट आई। घटना के बाद जेल कर्मचारियों ने घायल को तुरंत जेल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। जेल प्रशासन की शिकायत पर रामनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के मुताबिक, राजेंद्र ने सो रहे राजदीप के सिर पर ताले से कई वार कर दिए। हमले में राजदीप के सिर पर गंभीर चोट आई। इसके बाद आरोपी ने रात की ड्यूटी पर तैनात जेल कर्मचारियों को आवाज लगाकर बुलाया। घायल राजदीप को तुरंत जेल अस्पताल पहुंचाया गया। जेल प्रशासन के अनुसार, आरोपी राजेंद्र ने अपने बयान में गलती स्वीकार की है। जिला जेल की डीएसपी ने 14 अक्तूबर को रामनगर थाना पुलिस को शिकायत भेजी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने राजेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक टेकचंद को सौंपी गई है।

बाथरूम जाने के लिए ली थी चाबी

जेल प्रशासन की शिकायत के अनुसार, घटना 13 और 14 अक्तूबर की रात करीब एक बजे की है। बैरक नंबर 14-बी में बंद राजेंद्र पुत्र जयबीर, निवासी गांव चीरा खालसा, थाना कुंजपुरा, जिला करनाल ने बाथरूम जाने के बहाने बैरक की चाबी ली। इसके बाद वह ताला खोलकर बाहर निकला। आरोप है कि निगरानी को पीछे छोड़कर वह दोबारा उसी बैरक में पहुंचा, जहां दूसरा हवालाती बंदी राजदीप सो रहा था।

श्री रामलीला भवन में सीता स्वयंवर का मंचन

करनाल। श्री रामायण पाठक सभा करनाल की ओर से नवरात्र के चौथे दिन रेलवे रोड स्थित श्री रामलीला भवन में श्री सीता स्वयंवर का भव्य मंचन किया गया। कलाकारों ने महर्षि विश्वामित्र के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के जनकपुरी पहुंचने, राजा जनक द्वारा स्वागत करने तथा माता सीता के भवानी पूजन के प्रसंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश गर्ग लवली, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष नीरज गोयल और भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी ने किया। सभा के प्रधान पंकज गोयल और पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक नरेश गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया। मंच संचालन योगेश गोयल ने किया।

15 लाभार्थियों को मौके पर मिले संपत्ति प्रमाण पत्र

करनाल। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के लाभार्थियों की सुविधा के लिए नगर निगम कार्यालय में विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने संपत्ति संबंधी दस्तावेज जमा करवाए, जबकि 15 पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर की अध्यक्षता उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा ने की। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र व्यक्ति पीएमएवाई-अर्बन के आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 80 लाभार्थियों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट मुख्यालय से मंजूर हो चुकी है।

न्यूज डायरी



महिला किसानों को बताई खेती की आधुनिक तकनीक

नीलोखेड़ी। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी की ओर से राष्ट्रीय महिला किसान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का विषय 'विकसित कृषि एवं विकसित भारत के निर्माण में महिला किसानों की भूमिका' रहा। इसमें 60 से अधिक महिला किसानों ने भाग लिया और ऑनलाइन माध्यम से केंद्रीय कार्यक्रम से जुड़ीं। संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विजय पाल यादव ने कहा कि महिला किसान आधुनिक कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण से कृषि को अधिक टिकाऊ और लाभकारी बना सकती हैं। कार्यक्रम में डॉ. राजेंद्र सिंह, सतीश कुमार, डॉ. जसविंदर कौर और डॉ. अनिल कुमार रोहिल्ला सहित अन्य वैज्ञानिक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



4.41 करोड़ से होगा असंध हलके का विकास

घरौंडा। विधायक योगेंद्र राणा ने असंध हलके के विभिन्न गांवों में 4 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें खेतों के रास्ते, फिरनी, पेवर ब्लॉक मार्ग, सरकारी पशु अस्पताल की चारदीवारी और इंडोर जिम हॉल के निर्माण कार्य शामिल हैं। विधायक ने गांव अरडाना में मुख्यमंत्री खेत-खलिहान योजना के तहत 74.74 लाख रुपये के रास्तों का उद्घाटन किया। गंगा टेहड़ी में 71.63 लाख रुपये के कार्यों में पेवर ब्लॉक मार्ग और इंडोर जिम हॉल का उद्घाटन किया। पोपड़ा में 90.55 लाख रुपये की लागत से बनी फिरनी और सरकारी पशु अस्पताल की चारदीवारी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, विभिन्न गांवों के सरपंच आदि रहे।



भागवत कथा में पहुंचीं महापौर रेणु बाला गुप्ता

करनाल। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने गांव उचाना स्थित देवी भगवती मंदिर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा एवं भंडारे में भाग लिया। उन्होंने मां भगवती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा, परोपकार, आपसी सहयोग और सद्भावना की भावना मजबूत होती है। धर्म हमें मानवता तथा समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। महापौर ने मां भगवती से सभी परिवारों के जीवन में सुख-समृद्धि बनाए रखने और क्षेत्र में भाईचारे एवं खुशहाली की कामना की।



शहर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस की नाकेबंदी

तरावड़ी। त्योहारों के सीजन में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और आमजन को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए तरावड़ी पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आ रही है। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। डीएसपी सोनू नरवाल के नेतृत्व में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रियता बढ़ाते हुए वाहन चालकों और आम नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक किया। सौंकड़ा रोड, नड़ाना रोड और करनाली गेट सहित शहर के प्रमुख मार्गों पर पुलिस की चेकिंग के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, जरूरी दस्तावेज साथ रखने और सडक पर जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने का संदेश दिया जा रहा है।

रात को कैंटर में सोया चालक, सुबह पिता खाना लेकर पहुंचे तो मिला मृत

दो बच्चों का पिता था मुकेश, मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगी स्पष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के सेक्टर-4 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार सुबह कैंटर के अंदर एक चालक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वह करीब पांच साल पहले शादी के बंधन में बंधा था और दो बच्चों का पिता था। परिजनों के अनुसार, मुकेश कई वर्षों से वाहन चलाने का काम कर रहा था और कई बार रात को देर हो जाने पर कैंटर में ही सो जाता था। मृतक के पिता राजवीर सिंह ने बताया कि मुकेश रात को कैंटर में ही सो गया था। सुबह वह बेटे के लिए खाना लेकर औद्योगिक क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने मुकेश को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। काफी देर तक कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने कैंटर की खिड़की से अंदर देखा तो बेटा मृत अवस्था में पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


करनाल। सेक्टर-4 के औद्योगिक क्षेत्र में कैंटर के अंदर चालक का शव मिलने के बाद मौके पर मौजूद परिजन।

न शरीर पर चोट के निशान न मिला सुसाइड नोट

सूचना मिलने पर पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच के लिए साक्ष्य जुटाए। जांच अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से सेक्टर-4 के औद्योगिक क्षेत्र में कैंटर के अंदर चालक का शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर मुकेश मृत मिला। पुलिस के अनुसार, उसके शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले और न ही कोई सुसाइड नोट बरामद हुआ।

खबर संक्षेप

पुलिस टीम ने मोबाइल चोर पकड़ा, केस दर्ज

पानीपत। सीआईए श्री पुलिस टीम ने इसराना क्षेत्र बलाना रोड पर मोबाइल की दुकान में चोरी करने वाले आरोपी अफसार पुत्र आलीम निवासी जिला जसोई मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चार मोबाइल फोन सैट बरामद किए है। इस मामले में थाना इसराना में नरेश निवासी पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

पुलिस टीम ने नशा मुक्ति अभियान चलाया

पानीपत। पानीपत पुलिस की नशा मुक्त टीम ने वीरवार को बरसत रोड पर आमजन को और नूरवाला के वार्ड एक व दो में घर घर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

मारपीट करने का सात लोगों पर केस दर्ज

पानीपत। पानीपत में जाटल रोड पर लस्सी विक्रेता महावीर निवासी गांव ब्राहमण माजरा जिला पानीपत पर हमला कर उसे घायल करने के आरोपियों सुरेश, मोहित, रोहित, बिजेंद्र, राहुल व इसने साथियों पर थाना मॉडल टाउन पुलितस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हमलावर भी गांव ब्राहमण माजरा के निवासी है। मारपीट कर घायल करने का मामला है।

दिव्यांग महिला रेडक्रॉस भवन से लापता

पानीपत। इसराना थाना पुलिस ने बुधवार की रात को गांव मांडी व बलाना मोड पर लावारिस घूम रही मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला को सुरक्षा की दृष्टि से पानीपत में रेडक्रॉस भवन में संचालित वन स्टॉप सेंटर में दाखिल करवाया था। वहीं, यह महिला चंद मिनटों बाद ही सेंटर से निकल कर अंधेरे में गायब हो गई। जबकि रेडक्रॉस भवन प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब महिला के गायब होने का खुलासा हुआ, तो हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन-फानन में इसराना थाना पुलिस और डायल 112 को सूचना दी गई, लेकिन घंटों बीत जाने के बाद भी महिला का कोई अता-पता नहीं है।

जिला प्रशासन ने जनसुनवाई की

पानीपत। जनता समाधान शिविर के तहत वीरवार को उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के सहयोग से विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान 11 विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने कहा कि जनता समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा पुलिस विभाग और कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्याएं सामने रखी जाती हैं।

वीसी से एसआईआर की समीक्षा की

पानीपत। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीरवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पानीपत के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में विधानसभा क्षेत्रवार कार्यों की स्थिति, लंबित प्रकरणों और मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से जुड़ी तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुनरीक्षण से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं और लंबित मामलों के निपटान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

सड़कों से हटेंगे पुराने वाहन

पानीपत। प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पानीपत जिला में निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुके पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पानीपत जिला में बीएस-1 से बीएस-3 श्रेणी के कुल 5,896 पेट्रोल और डीजल वाहन पंजीकृत हैं, जिन्हें निर्धारित आयु सीमा पूरी होने के कारण एनसीआर क्षेत्र की सड़कों से हटाना होगा।

खेतों में बिछी फसल, मंडियों में भीगी धान, सड़कों पर यातायात बाधित

बारिश के साथ चली तेज हवा के कारण पानीपत और समालखा हुए जलमग्न





पानीपत। बारिश के साथ चली तेज हवा में भूमि पर बिछी धान की फसल, जीटी रोड में जलभराव में फंसी एंबुलेंस को ले जाती पुलिस की क्रेन व जलमग्न चौडा बाजार रोड। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में वीरवार की सुबह हुई तेज बारिश व साथ चली हवा के चलते जहां पानीपत व समालखा जलमग्न हो गए, वहीं जिला के अधिकतर गांवों की गलियों में बरसाती पानी खडा हो गया। जबकि बारिश के साथ चली तेज हवा में धान की पकडी फसल भूमि पर गिर गई। गन्ने की फसल को भी बारिश व हवा से नुकसान हुआ है। बारिश से जिला की मंडियों में बिक्री के लिए आई धान की फसल भी बारिश में भीग गई। स्मरणीय है कि मौसम विभाग ने पानीपत में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया

प्रशासन और निगम के पानी निकासी के दावों की पोल खोल दी

गया है। वहीं, वीरवार को पानीपत जिला में करीब 11.5 एमएम बारिश हुई है। जिसने प्रशासन और निगम के पानी निकासी के दावों की पोल खोल दी है। इधर, बारिश व हवा के कारण जिला में तापमान में गिरावट आई है। दूसरी ओर, तेज बारिश के बाद पानीपत में जीटी रोड, प्रमुख व्यावसायिक बाजारों और रिहाइशी इलाकों में जलभराव हो गया। सड़कों पर पानी जमा होने के कारण वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई गाड़ियां पानी में बंद हो गईं, जिससे जगह-जगह लंबा जाम लग गया। पैदल चलने वाले लोगों के लिए भी रास्तों से गुजरना मुश्किल हो गया। जबकि बारिश से मंडियों में फसल भीग गई और किसानों व आढतियों को भारी नुकसान की आशंका है। जबकि बारिश रूकने के बाद यातायात पुलिस टीम मुस्तैद दिखाई दिए। पुलिस की रिकवरी वैन ने पानी में फंसे वाहनों को बाहर निकाला। यहां तक की एंबुलेंस को लेकर अस्पताल तक पहुंचाया। इस एंबुलेंस में मरीज भी था। पुलिस ने जाम से भी लोगों को राहत दिलाने का काम किया।



मार्केट एसोसिएशन की कार्यकारिणी बैठक हुई

मॉडल टाउन क्षेत्र में सड़कों का अतिक्रमण नहीं होने देंगे



पानीपत। मॉडल टाउन क्षेत्र के दुकानदार विचार विमर्श करते हुए। **फोटो : हरिभूम**

- त्योहारी सीजन में व्यवस्था को दुरस्त बनाए रखने में जुटी दुकानदारों के तीन संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के मॉडल टाउन क्षेत्र में त्योहारी सीजन में सड़कों पर फडली ना लगे और यातायात व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए आठ मरला मार्केट एसोसिएशन, मॉडल टाउन मार्केट एसोसिएशन, नेताजी सुभाष चंद्र मार्केट एसोसिएशन (रामलाल चौक) की कार्यकारिणी बैठक हुई। बैठक में आठ मरला मार्केट के प्रधान सुरेश आहुजा, मॉडल टाउन मार्केट के प्रधान सरदार कवलजीत सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष आशु दुआ, नेताजी सुभाष चंद्र मार्केट के प्रधान राहुल विरमानी सहित क्षेत्र के कई प्रमुख दुकानदार उपस्थित रहे। वहीं, आशु दुआ ने बताया कि तीनों एसोसिएशनों के पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र के दुकानदारों के साथ विचार विमर्श करने के बाद यह तय किया है कि मॉडल टाउन व आठ मरला, असंध रोड पर त्यौहारी सीजन में सड़कों पर अवैध दुकानें ना लगे, ताकि यातायात सुचारू रहे और ग्राहण दुकानों तक आसानी से पहुंच सके। उन्होंने ने कहा मॉडल टाउन क्षेत्र में सड़कों का अतिक्रमण नहीं होने देंगे।

दुकानदारों ने भाग लिया

इसके संबंध में दुकानदारों का प्रतिनिधि मंडल मेयर कोमल व पुलिस कप्तान मेधा से भी मिलेगा और प्रयास करेगा कि प्रशासनिक, निगम व पुलिस के सहयोग से आठ मरला, मॉडल टाउन व असंध रोड क्षेत्र की सड़कों का अतिक्रमण ना हो और व्यवस्था सुचारू रहे। वहीं, बैठक में सुरेश आहुजा, अशोक गर्ग, अनिल कोचर, अमित ग्रोवर, दीपक कपूर, महावीर झांगड़ा, मोहक लाल छाबड़ा, चरणजीत आदि दुकानदारों ने भाग लिया।



पानीपत। नगर निगम के वार्ड 20 में सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पार्षद तरुण गांधी। **फोटो : हरिभूमि**

सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को हुई बैठक

पानीपत। नगर निगम के वार्ड 20 में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और स्वच्छ माहौल देने के उद्देश्य से वार्ड पार्षद तरुण गांधी के नेतृत्व में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपनिगम आयुक्त अरुण भार्गव, मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल, सफाई निरीक्षक रिंकू शर्मा, सहित डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी जेबीएम व पीसीसी कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पार्षद तरुण गांधी ने वार्ड के विभिन्न मोहल्लों, बाजारों व सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई, नालियों से सिल्ट की निकासी और समय पर कूड़ा उठान की समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा। मुख्य सफाई निरीक्षक जितेंद्र नरवाल व सफाई निरीक्षक रिंकू शर्मा ने आश्वस्त किया कि वार्ड बीस की सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और तय रोस्टर के अनुसार सफाई टीमों को तैनात किया जाएगा।

निशानेबाजी में छाए एक्स10 शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

खेल महाकुंभ 2026 के तहत एक्स10 शूटिंग अकादमी द्वारा आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में राइफल, पिस्टल और मिक्स्ड टीम वर्ग में निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, जूनियर शूटिंग कोच सुमित रमन ने बताया कि राइफल मेन में प्रथम तरुण जागलान (यंग स्टार), द्वितीय यशदीप (एकांशा), तृतीय कनिष्क गुप्ता (गनसाइट) रहे। जबकि राइफल वूमेन में प्रथम सीरत व द्वितीय रूहानी (ओलंपियन्स), तृतीय तान्या सैनी (गनसाइट) रहे। उन्होंने बताा कि



पानीपत। खेल महाकुंभ में विजेता एक्स10 शूटिंग अकादमी के खिलाड़ी।

पिस्टल मेन में प्रथम रसिक त्यागी (यंग स्टार), द्वितीय राहुल सैनी, तृतीय निशांत (पानीपत शूटिंग) (एक्स 10) रहे। पिस्टल वूमेन में प्रथम अनुराधा देवी, द्वितीय दृष्टि सांगवान यंग स्टार, तृतीय दीक्षा जागलान (एक्स 10) रहे। उन्होंने बताया कि मिक्स्ड टीम मेडलिस्ट (एक्टस 10 अकादमी) ने क्लीन स्पीप किया। वहीं, मिक्स्ड टीम में प्रथम खुशी गहलोत व दीपांशु कादयान, द्वितीय दीक्षा जागलान व हिमांशु, तृतीय त्विषा कादयान व राहुल सैनी रहे।

न्यूज डायरी

भारत रत्न कलाम को नमन किया

पानीपत। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम का जीवन परिश्रम, ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रसेवा की प्रेरक मिसाल है। डॉ. गुप्ता, भाजपा कार्यालय श्याम कमल में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हरियाणा द्वारा आयोजित कलाम का पैगाम, देश के नाम कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर भाजपा नेता सत्य प्रकाश जरावता, डॉ. अवनीत सिंह वढ़ैच, सैयद हैदर हबीब, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सिकंदर सलमानी, रफाकत हसन अली आदि उपस्थित रहे।

युवा उत्सव में छाया आईबी कॉलेज

पानीपत। आईबी कॉलेज के विद्यार्थी आर्य कॉलेज में चल रहे 49वें जोनल यूथ फेस्टिवल में अपनी प्रतिभा का सफलतापूर्वक प्रदर्शन कर रहे है। वहीं, आईबी कॉलेज के विद्यार्थी लूर नृत्य, भारतीय शास्त्रीय गायन (एकल), भारतीय हल्का गायन में प्रथम, हरियाणवी एकल महिला नृत्य, पोस्टर मेकिंग, माइम, सामान्य समूह गान में द्वितीय और कोरियोग्राफी में तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, यूथ फेस्टिवल संयोजिका डॉ. किरण मदान, सह-संयोजिका कनक शर्मा, डॉ. पूनम मदान, डॉ. अर्पणा गर्ग, डॉ. निधान सिंह, डॉ. गुरनाम सिंह आदि ने बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

राम वनवास का भावुक मंचन

पानीपत। श्री सनातन धर्म रामलीला सभा, मॉडल टाउन के पावन मंच पर आयोजित वार्षिक रामलीला महोत्सव के दौरान 'राम वनवास भाग-दो का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण मंचन किया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के वन गमन और राजा दशरथ के पुत्र वियोग के दृश्यों ने पंडाल में मौजूद सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद संजय भाटिया की धर्मपत्नी अंजू भाटिया, यार्न एसोसिएशन से राजीव गुप्ता अमित सिंगला सभा के प्रधान तरुण गांधी समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

कुंवारी दुल्हन का मंचन किया

पानीपत। रंगमंच कला संगम में 64वां धर्म प्रचार महोत्सव मनाया गया। जिसमें कलाकारों ने कुंवारी दुल्हन नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में गांव मोहाली के सरपंच गुलशन कुमार, उद्योगपति अनिल बंसल रहे, रंगमंच कला संगम के प्रधान रमेश मल्होत्रा, तुलसीदास गुप्ता, राज बठला, विनोद पांचाल, चंदगी राम प्रजापति, यश गुप्ता, संजय ठाकुर ने अतिथियों का पगड़ी शाल व पटका पहनाकर सम्मानित किया।

पुलिस ने शराब तस्कर पकड़ा

इसराना। इसराना थाना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करते हुए वेदपाल उर्फ बिल्लू निवासी गांव पलडी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। एएसआई पुषेंद्र ने बताया कि आरोपी से बरामद शराब की खेप को इंपाउंड किया गया है और उस पर थाना इसराना में आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

श्री राम के जीवन से प्रेरणा लें नागरिक : ढांडा

- मानवता, समाज व देश की निष्काम सेवा करनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्रीराम दशहरा कमेटी ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा एवं वरिष्ठ नेता हरपाल ढांडा को विशाल रावण दहन कार्यक्रम का निमंत्रण दिया। श्रीराम दशहरा कमेटी बरसत रोड के प्रधान भीम सचदेवा एवं कमेटी के सदस्यों ने हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा तथा वरिष्ठ नेता हरपाल ढांडा से मुलाकात कर बीस अक्टूबर को सेक्टर 13-17 के विशाल मैदान में होने वाले विशाल रावण दहन एवं दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र भेंट किया। वहीं, शिक्षा मंत्री ढांडा ने कहा कि



पानीपत। श्रीराम दशहरा कमेटी के पदाधिकारी शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को निमंत्रण देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

नागरिकों को भगवान श्रीराम की के जीवन से प्रेरणा लेते हुए मानवता, समाज व देश की निष्काम सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर हरबंस आनंद, राधेश्याम नासा, रमेश सतीजा, हरीश अरोड़ा, सुनील थम्मन आदि प्रमुख रूप से कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ग्राहकों के सुझाव से बेहतर बनाया जा रहा है एआई स्मार्ट फोन

- ग्राहकों की प्रतिक्रिया को आगामी स्मार्टफोन के विकास और लॉन्च से पहले की टेस्टिंग में भी शामिल किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत।

एआई.स्मार्टफोन ग्राहकों के सुझावों और अनुभवों के आधार पर अपने प्रोडक्ट्स और सेवाओं में लगातार सुधार कर रहा है। कंपनी कैमरा स्थिरता, कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस बेहतर बनाने के लिए सॉफ्टवेयर अपडेट, टेस्टिंग और कस्टमर सपोर्ट पर विशेष ध्यान दे रही है। कंपनी के नोवा 2 नियो 5जी को बैटरी परफॉर्मेंस और किफायती कीमत, जबकि नोवा 2 पावर 5जी को ड्यूल-टोन डिजाइन और बेहतर अनुभव के लिए सराहना मिली है। एआई.स्मार्टफोन के ब्रांड, मार्केटिंग एवं ग्रोथ हेड आर्ची गोगोई ने कहा कि बेहतर तकनीक बनाने के लिए ग्राहकों की बात सुनना जरूरी है।

उनके सुझावों से कंपनी को अपनी खूबियों और सुधार की जरूरत वाले क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है। कंपनी के अनुसार नोवा 2 अल्ट्रा 5जी में कैमरे की स्थिरता सुधारने के लिए ओटी, अपडेट जारी किए गए हैं। ग्राहकों की प्रतिक्रिया को आगामी स्मार्टफोन के विकास और लॉन्च से पहले की टेस्टिंग में भी शामिल किया जा रहा है।

रसिया ग्रुप डांस व हरियाणवी रिचुअल की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

भारत का युवा हर चुनौती को पार करने में सक्षमः डॉ. वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में आयोजित 49 वें जोनल युवा महोत्सव के दूसरे दिन का भी शानदार आगाज हुआ। युवा महोत्सव के दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र पर बतोर मुख्य अतिथि पानीपत के उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ, विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के हरियाणा राज्य के प्रचार प्रमुख राजेश गोयल, पानीपत के एसडीएम मंदीप सिंह, पवन बंसल का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर आर्य कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शिगंला, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शिंगला, महासचिव सीए कमल किशोर, उपाध्यक्ष विरेंद्र शिंगला, कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य, निखिल शिंगला, कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। वहीं, प्रात कालीन सत्र में ओपी शिंगला सभागार में रसिया ग्रुप डांस व हरियाणवी रिचुअल की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, मुख्यातिथि उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने अपने संबोधन में कहा कि आर्य कॉलेज ने बहुत ही उर्जावान तरीके से कार्यक्रम का आयोजन किया है, इसके लिए पूरा आर्य कॉलेज का प्रबंधन बधाई का पात्र है। भारत का युवा बहुत ही प्रतिभाशाली है और हर चुनौती को आसानी से पार करने में सक्षम है। विशिष्ट अतिथि राजेश गोयल ने आर्य कॉलेज प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि आर्य महाविद्यालय विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का मंच प्रदान कर राष्ट्रहित में अपना यागदान दे रहे हैं। सांय कालीन सत्र में मुख्य अतिथि के तौर पर पानीपत की पुलिस अधीक्षक मेघा भूषण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति को बढावा देना चाहिए। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने भी युवा उत्सव में शिरकत कर विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।





पानीपत। युवा उत्सव में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व डीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए मेजबान व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए विद्यार्थी।

नवरात्रि की महिमा के गहरे सूत्र बताए

कुरुक्षेत्र। समर्थगुरु धारा संघ हिमाचल प्रदेश के स्टेट कोऑर्डिनेटर और समर्थगुरु धारा हिमाचल प्रदेश के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धारा के अनुभवी आचार्य मां शशि खुल्लर जी ने बहुत ही प्रभावशाली एवं मनमोहक ढंग से सभी साधकों को नवरात्रि की महिमा के गहरे सूत्र बताते हुए ऊर्जा ध्यान का प्रयोग करवाया। हिमाचल एवं देश की सभी जगहों से, मित्रों ने ध्यान एवं सत्संग का आनंद लिया। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरु धाम, मुरथल के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने बताया कि तुम भी किसी कामिल मुर्शिद को खोजो, उससे जागने की कला जानो और अपने स्वरूप के प्रति, अपनी आत्मीयता के प्रति, अपने निराकार के प्रति, अपने निरंकार के प्रति जागे हुए जिन्दगी को जियो। हमारी आत्मा में ज्ञाता भी है और ज्ञेय भी है। ज्ञाता बनकर के आत्मा के खजाने को हम देख पाते हैं और ज्ञेय बन करके ज्ञाता के द्वारा देखे जा रहे हैं।

अनिल विज ने दिए एक्सईएन के तबादले के आदेश

जग्गी सिटी सेंटर के मामले में बिजली निगम की लापरवाही पर मंत्री सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

9 लाख की साइबर ठगी और 3.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामलों पर होगी जांच
विकास कार्यों में देरी पर ठेकेदार को नोटिस और ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में जनसुनवाई के दौरान बिजली विभाग की एक शिकायत पर अंबाला शहर के एक्सईएन हरीश गोयल के स्थानांतरित करने के आदेश दिए हैं। इसी मामले में इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी मामले में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विज आज अंबाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। अंबाला छावनी के व्यक्ति ने एक शिकायत दी कि अंबाला शहर में बिजली विभाग में एक्सईएन हरीश गोयल ने जग्गी सिटी सेंटर के लोगों को एक एलटी कनेक्शन दिया गया है जबकि उस बिजली के कनेक्शन से वहां पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी बिजली की सप्लाई दी जा रही है। उसका आरोप है कि वहां पर एक क्योसक बना है व झूले लगे हुए थे। उन झूलों को चलाने के लिए भी कनेक्शन दिया गया था जोकि अवैध है। विज ने बिजली निगम अधिकारियों से मामले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी। मगर अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए जिस पर मौजूद बिजली निगम के एसई व अन्य अधिकारियों को फटकार लगाई तथा एक्सईएन हरीश गोयल को स्थानांतरित करने के आदेश दिए। एक अन्य मामले में ब्राइड पब्लिक स्कूल के खिलाफ महिला ने शिकायत दी। कहा कि स्कूल आठवीं कक्षा मान्यता प्राप्त होने के बावजूद बच्चों को दसवीं कक्षा में दाखिल करके पैसे ऐंठे जा रहे हैं जिससे बच्चों के दो साल खराब हो रहे हैं। विज एसडीएम को संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को साथ ले जाकर जांच करने के निर्देश दिए और कहा कि यदि कमी पाई जाती है तो इस बारे में सख्त कार्यवाही की जाए। अंबाला शहर एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसके साथ 9 लाख रूपए की साइबर धोखाधड़ी की गई है जिस पर एसपी को जांच करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य मामले में मिलाप नगर के एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि इंटरनेट पर एक नंबर खोजने के दौरान उसकी जिस व्यक्ति से बातचीत हुई उसने उसके मोबाइल पर एक लिंक खोलने की बात की और उसके बाद उसके बैंक खाते से तीन लाख 40 से अधिक राशि को गायब हो गई। मंत्री ने शिकायत पर पुलिस अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बोह गांव की महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति का शव कुछ समय पहले झाड़ियों में मिला था।



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

विज ने अधिकारियों को लगाई फटकार, दिए निर्देश

पुलिस ने इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। उसका आरोप था कि उसके पति की हत्या की गई है। मामले की दोबारा जांच के आदेश दिए गए हैं। इस दौरान मंत्री ने नगर परिषद के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि वार्ड नंबर 27 में विकास कार्य न होने के बारे संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जाए और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए। यदि इस विकास कार्य को संबंधित ठेकेदार नहीं करता है तो रि-टेंडर किया जाए। नगर परिषद के एक्सईन को फटकार लगाते हुए विज ने कहा कि ठेका देने से पहले ठेकेदारों की वित्तीय स्थिति की जांच करें क्योंकि आमतौर कम वित्तीय स्थिति वाले ठेकेदारों को ठेका मिल जाता है। एक पार्किंग में लिफ्ट को स्थापित करने के बारे में उन्होंने संज्ञान लेते हुए संबंधित नगर परिषद के अधिकारियों से जानकारी ली तो इस मामले में हो देरी लिए एक संबंधित एक्सईन को उन्होंने फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि अगली जनसुनवाई तक इस बारे में उन्हें एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी के वार्डों में एक-एक करोड़ रुपए की विकास राशि उनके द्वारा सरकार से स्वीकृत कराई गई है। उन्होंने बताया कि हम जल्द ही महेश नगर ड्रेन को पक्का करने के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है।

जनसुनवाई में उठे बिजली और कब्जे के मामले

एक व्यक्ति ने साहा में इंडस्ट्रियल एरिया में पॉवर हाउस लगाने के लिए उसकी जमीन पर टावर को न लगाने की बात कही गई, जिस पर संबंधित बिजली विभाग के अधिकारियों को मौका देखकर वैकल्पिक जगह चिह्नित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, बिजली विभाग से संबंधित लोड बढाने की शिकायत, रामपुर, सरसेहड़ी, चंद्रपुरी व सुंदरनगर में 24 घंटे बिजली देने के लिए संबंधित बिजली अधिकारियों को निर्देश और करनाल से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक अधीक्षक की पदोन्नति के संबंध में एक मामले उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने सोनीपत के एसई को एक प्राईवेट प्रॉपर्टी को छोडने, हिसार में ट्यूबवेल कनेक्शन देने, बिजली का लोड की चैकिंग कराने के अलावा अन्य बिजली की शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार हरिनगर में मकान पर कब्जा करने, मकान का टैक्स भरने, ट्रांसफार्मर सही जगह पर लगवाने इत्यादि के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। आर्य नगर में बिना अनुमति के निर्माण कार्य को रोकने के बारे में शिकायत पर मंत्री विज ने नगर परिषद अधिकारियों को फटकार लगाई। इस बारे में पुलिस को साथ लेकर कार्रवाई करने की बात कही गई है। मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर, उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा नेता किरणपाल चौहान, जसबीर सिंह जस्सी, मदनलाल, अजय बवेजा, बीएस बिंद्रा भी मौजूद थे।

युवती समेत तीन पर केस दर्ज

शादी का लालच देकर विदेश भेजने के नाम पर 32 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शादी की आड़ में विदेश भेजने का झांसा देकर 32 लाख रुपये की ठगी की गई है। जटवाड़ गांव के एक युवक के साथ उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष द्वारा साजिश के तहत धोखा करने का आरोप है। थाना पंजोखरा पुलिस मामले में केस दर्ज किया है। जटवाड़ गांव के राहुल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी पायल शर्मा से हुई थी। शादी के बाद उसे कनाडा भेजने का लालच दिया गया। आरोपियों ने इस बहाने से उससे और उसके परिवार से पैसे ऐंठे। यह विवाह पूरी तरह से साजिश का हिस्सा था। आरोपी पक्ष में पायल शर्मा, उसके पिता रामफल और माता किरण शामिल हैं। ये सभी करनाल के नडाना गांव के रहने वाले हैं। उनका गुप्त प्लान था कि शादी के जरिये राहुल और उसके परिवार के पैसे खर्च करवाए जाए। इन पैसों का उपयोग अपनी बेटी को कनाडा भेजने के लिए करना था। इस सुनियोजित षड्यंत्र के तहत आरोपियों ने अलग-अलग माध्यमों से 32 लाख रुपये की ठगी की।

समझौते से मुकरने पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

राहुल ने बताया कि उसे कनाडा भेजने का झांसा देकर पैसे ऐंठे गए। डीएसपी अंबाला छावनी की जांच रिपोर्ट के आधार पर थाना पंजोखरा में मुख्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। राहुल शर्मा ने पहले भी पटवी पुलिस को शिकायत दी थी। आरोप है कि इसके बाद सामाजिक दबाव और झूठे मुकदमों के डर से समझौते कराए गए। 27 अगस्त को एक लिखित समझौते में तलाक और 12 लाख रुपये लौटाने का फैसला हुआ था। पायल के पिता रामफल को 15 सितंबर से पहले मुख्तारनामा भी देना था। लेकिन आरोपियों ने तय समय-सीमा के बाद समझौते से मुकर गए और उल्टा करनाल में झूठी शिकायतें दर्ज कराईं। जांच के दौरान व्हाट्सएप चैट के दस्तावेजों, गवाहों के बयान और पेश किए गए सबूतों के आधार पर स्पष्ट हुआ कि आरोपी पक्ष ने मिलीभगत कर युवक के साथ धोखाधड़ी की है। जांच अधिकारी एएसआई नैब सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

नगराधीश ने सुनी लोगों की समस्याएं

अंबाला। नगराधीश अभिषेक कहा कि समाधान शिविर सरकार द्वारा शुरू की गई एक सार्थक पहल है जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी बेहतर समन्वय बनाकर समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करें। नगराधीश अभिषेक गर्ग वीरवार को समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। शिविर के दौरान नगराधीश ने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

हेरोइन तस्करी में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना शहजादपुर पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 18 ग्राम हेरोइन नशा तस्करी मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी को काबू किया। पुलिस ने सूचना के आधार पर बीते दिनों थाना क्षेत्र गांव मघरपुरा कलाल माजरा से आरोपी साहिल गौंदी को 18 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया था कि आरोपी सूरज भी इस मामले में शामिल है। आरोपी सूरज को भी पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी जोन की भी संलिप्तता सामने आई थी। पुलिस ने मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी जोन को भी गिरफ्तार कर लिया है।

जमीन को लेकर ठगी में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। अंबाला शहर के थाना सैक्टर 9 पुलिस ने जमीन खरीद फरोख्त मामले में 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार रूपये की ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सैक्टर 7 के गौरव ने 6 अक्तूबर 2026 को शिकायत दी थी कि 11 नवंबर 2025 से 9 सितंबर 2026 के बीच आरोपी मनमोहन सिंह व अन्य भू माफियों ने षड्यंत्र के तहत जमीन खरीद फरोख्त मामले में अपने जाल में फंसाया और धोखाधड़ी करके उससे 1 करोड़ 22 लाख 50 हजार की रकम हड़प ली है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

मुलाना थाना प्रभारी बने प्रमोद राणा, सुरेंद्र सीआईए इंचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना



पुलिस व्यवस्था को लेकर पंद्रह दिन के ही अंदर दूसरा बदलाव हुआ है। दो सप्ताह पहले मुलाना थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह को सीआईए का इंचार्ज नियुक्त किया गया है, जबकि प्रमोद राणा को मुलाना का फिर से नया थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस प्रशासन को चाक चौबद करने के उद्देश्य से मुलाना में सीआईए का गठन किया गया है। सीआईए की शुरुआत होने से अब क्षेत्र में थाना पुलिस के साथ-साथ सीआईए भी अपराध पर अंकुश लगाने और आपराधिक गतिविधियों पर शिकंजा कसने में भूमिका निभाएगी। इससे क्षेत्र में अपराध से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने और आपराधिक मामलों की जांच में पुलिस को अतिरिक्त सहयोग मिलने की उम्मीद है। हालांकि, फिलहाल सीआईए परिसर में आवश्यक सैटअप तैयार होना बाकी है। इसके बाद सीआईए की कार्यप्रणाली सुचारू रूप से शुरू होने की उम्मीद है। अब थाना प्रभारी के रूप में प्रमोद राणा क्षेत्र की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि सुरेन्द्र सिंह सीआईए मुलाना की कमान संभालेंगे। गौतलब है कि सुरेंद्र सिंह पहले भी कई स्टेशनों पर सीआईए इंचार्ज रह चुके है।



व्याख्यान में छात्रों को वंदे मातरम प्रोटोकॉल से अवगत करवाया गया

अंबाला। अंबाला छावनी के आचार्य रघुवीर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग की तरफ से वंदे मातरम के प्रोटोकॉल को लेकर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने किया। अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू जगपाल ने बताया कि इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रविंदर कुमार थे। डॉ. रविंदर कुमार ने वंदे मातरम के सही बोल और प्रोटोकॉल के साथ-साथ उसकी ऐतिहासिकता के बारे में बहुत ही प्रासंगिक जानकार दी। व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। व्याख्यान में अंग्रेजी विभाग के संकाय सदस्यों के साथ-साथ डॉ. नायब सिंह, डॉ. शगुन आहूजा, डॉ. रजनी, डॉ. ममता, डॉ. रणदीप व इंद्रेश भी उपस्थित रहे।

फसल सत्यापन का कार्य सप्ताह के अंत तक पूरा करें अधिकारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल, 15 अक्तूबर। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण एवं सत्यापन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्यापन का शेष कार्य सप्ताह के अंत तक पूरा किया जाए, ताकि किसानों को मंडियों में फसल बेचने में परेशानी न हो। डीसी ने तहसीलदारों को सत्यापन में आ रही समस्याओं की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीमें खेतों में जाकर पंजीकृत फसल के शेष रकबे का भौतिक एवं डिजिटल सत्यापन सुनिश्चित करें। पंजीकरण में विसंगति मिलने पर उसे तुरंत दुरुस्त करवाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्यापन में देरी से किसानों को मंडियों में फसल बेचने में कठिनाई नहीं होनी चाहिए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने किसानों से भी पोर्टल पर सही विवरण दर्ज कराने और पटवारी या कृषि अधिकारी से सत्यापन की स्थिति की पुष्टि करने की अपील की, ताकि न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र, एसडीएम देवेंद्र शर्मा, अनुभव मेहता, सुमित सिहाग, अशोक कुमार और रमन गुप्ता सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

बीएसएफ जवान की पत्नी से प्लॉट खरीद के नाम पर 12.10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

बीएसएफ जवान की पत्नी से प्लॉट बेचने के नाम पर 12.10 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई। महिला का पति शिव चरण बीएसएफ में तैनात है। अभी पश्चिम बंगाल में ड्यूटी कर रहा है। शिकायत के अनुसार महिला और उसके पति ने साल 2023 में गांव डेरा कलां में एक प्लॉट खरीदा था। आरोप है कि विक्रेताओं ने प्लॉट के बैनामे के बाद उन्हें कब्जा भी दिलाया लेकिन बाद में उसी जमीन को किसी अन्य व्यक्ति को भी बेच दिया। जब महिला अपने प्लॉट पर पहुंची तो वहां दूसरे लोग मिले। उन्होंने जमीन खरीदने और कब्जा मिलने का दावा किया। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला ने बताया कि वर्ष 2023 में उसे और उसके पति को एक प्लॉट बेचने की पेशकश की गई थी। प्लॉट गांव डेरा कलां में खसरा नंबर 52//17 में स्थित बताया गया। सौदा तय होने के बाद 8 मई 2023 को प्लॉट के संबंध में बैनामा कराया गया। महिला के अनुसार, इसके बाद से वह खुद को प्लॉट की मालिक समझती थी और समय-समय पर वहां आती-जाती रहती थी। महिला ने शिकायत में बताया कि पिछले सप्ताह जब वह अपने प्लॉट पर पहुंची तो वहां कुछ अजनबी लोग बैठे हुए थे। उसने उनसे पूछा कि वे प्लॉट पर क्या कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उन्होंने भी यह प्लॉट खरीदा है। उन्हें कब्जा मिल चुका है।

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

श्रीमद्भागवत कथा एवं तृतीय वृंदावन प्राकट्य उत्सव आज से

चंडीगढ़। श्रीमद्भागवत कथा एवं तृतीय वृंदावन प्राकट्य उत्सव को लेकर शहर में धार्मिक उत्साह का माहौल है। इस भव्य आयोजन के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रसिद्ध गायक बी प्राक, मुनीश बजाज और पंडित अनुज शास्त्री ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की। आयोजकों के अनुसार, इस धार्मिक उत्सव में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और भजन संध्या के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रसिद्ध गायक बी प्राक ने बताया कि इस श्रीमद्भागवत कथा एवं तृतीय वृंदावन प्राकट्य उत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के भाव के साथ किया जा रहा है। उन्होंने विशेष रूप से मुनीश बजाज जी का नाम लेते हुए कहा कि इस आयोजन में सबसे अधिक योगदान उनका है। बी प्राक ने मुनीश बजाज जी के प्रयासों, समर्पण और इस भव्य धार्मिक आयोजन को



साकार करने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। इस धार्मिक उत्सव में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज, जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज तथा प्रसिद्ध कथावाचक अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के शामिल होने की जानकारी भी दी गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंडित अनुज शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचने की अपील की। उन्होंने बताया कि कथा व्यास श्री इंद्रेश जी उपाध्याय भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और उनके जीवन से जुड़े आध्यात्मिक प्रसंगों का वर्णन करेंगे।



पंजाबी व हिंदी मनोरंजन को मिलेगा नया प्लेटफॉर्म

चंडीगढ़। लायंसगेट प्ले के संस्थापक रोहित जैन ने चंडीगढ़ में टाइगर टीवी लॉन्च किया। यह पंजाबी और हिंदी मनोरंजन के लिए एक प्रीमियम प्लेटफॉर्म है, जो 15 अक्टूबर 2026 से भारत सहित दुनिया के 12 बाजारों में उपलब्ध होगा। लॉन्च कार्यक्रम में गिप्पी ग्रेवाल, अंगद बेदी, प्रिंस कंवलजीत सिंह सहित मनोरंजन जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। टाइगर टीवी का उद्देश्य भारत और विदेशों में रहने वाले पंजाबी एवं हिंदी भाषी दर्शकों को उनकी भाषा, संस्कृति और पसंद से जुड़ा खास मनोरंजन उपलब्ध कराना है। कंपनी की योजना अगले तीन वर्षों में 500 करोड़ रुपये से अधिक का कंटेंट आईपी पोर्टफोलियो तैयार करने और पहले वर्ष में 50 से अधिक टाइटल्स के प्रीमियर की है। रोहित जैन, संस्थापक एवं सीईओ, लायंसगेट प्ले ने कहा, "जब हमने लायंसगेट प्ले की शुरुआत की थी, तब भारत में हॉलीवुड मनोरंजन के लिए कोई समर्पित प्लेटफॉर्म नहीं था। हमने इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। टाइगर टीवी के जरिए हम इसी रणनीति को क्षेत्रीय मनोरंजन के लिए अपना रहे हैं। हर भाषा महत्वपूर्ण है और उसके दर्शकों को एक अलग, समर्पित प्लेटफॉर्म मिलना चाहिए, न कि केवल भाषा का एक सेक्शन या डब की गई फिल्मों की सूची। पंजाबी कंटेंट से हमारी शुरुआत हो रही है और भविष्य में इस मॉडल को भारत की अन्य भाषाओं तक भी ले जाने की योजना है।

डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

अंबाला। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य मिशन मोड में जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता ने वीरवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर एसआईआर के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

इससे पहले हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीसी के माध्यम से प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। उपायुक्त ने एसआईआर संबंधित मामलों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक मामलों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित दस्तावेजों के आधार पर ही नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

ऋषि बोध उत्सव में वैदिक मूल्यों का दिया संदेश, प्रतियोगिता में 30 विद्यालयों ने लिया भाग

आर्य समाज प्रतियोगिता में कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के विजेता घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में आनंद पर्व के अंतर्गत ऋषि बोध उत्सव के अवसर पर आर्य समाज के नियमों के उच्चारण एवं व्याख्या प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 15 कनिष्ठ और 15 वरिष्ठ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आर्य समाज के नियमों के शुद्ध उच्चारण, उनकी सारगर्भित व्याख्या और मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति देने को लेकर प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आर्य समाज के अध्यक्ष जेएस नैन ने दीप प्रज्ज्वलन और वैदिक मंगलाचरण के साथ किया। विद्यालय प्रशासन की ओर से मुख्य अतिथि और निर्णायक मंडल का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर नैन ने विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन, त्याग, समर्पण और राष्ट्र के उत्थान के लिए किए गए कार्यों से परिचित करवाया।



आर्य समाज नियमों के उच्चारण में दिखा उत्साह

नैन ने विद्यार्थियों से वैदिक विचारों को जीवन में अपनाने और नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। । निर्णायक मंडल में आर्य समाज के मंत्री आरएन मित्तल और नारायणगढ़ के चंद्रपाल शास्त्री शामिल रहे। उन्होंने उच्चारण की शुद्धता, नियमों की व्याख्या, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।कनिष्ठ वर्ग में डीएवी नारायणगढ़ की पलक ने प्रथम, पुलिस डीएवी अंबाला सिटी के सार्थक भाटिया ने द्वितीय और डीएवी बराड़ा के अर्णव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुरलीधर डीएवी की कृति और मॉडल टाउन डीएवी की दृष्टि को सांत्वना पुरस्कार मिला। वरिष्ठ वर्ग में पुलिस डीएवी अंबाला शहर की समृद्धि आहुजा ने प्रथम, मेजर आर्यन डीएवी अंबाला कैंट की अंशिका शर्मा ने द्वितीय और सोहन लाल डीएवी गर्ल्स बी. स्कूल की प्राची ने तृतीय स्थान हासिल किया। केपीएके अंबाला सिटी की कृति को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।